भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 82

22 नवम्बर, 2011 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

जनसंख्या नीति में बदलाव

82. **श्री कलराज मिश्रः**

क्या **स्वास्थ्य और कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग ने सरकार से परिवार कल्याण विभाग को बंद करने और इस क्षेत्र में शिक्षा और कौशल विकास पर ध्यान देने को कहा है;
(ख) यदि हां, तो इस संबंध में क्या निर्णय लिया गया है; और
(ग) क्या संयुक्त राष्ट्र द्वारा अनुमानित 7 अरबवीं बच्ची 31 अक्टूबर, 2011 को भारत में पैदा हुई?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री सुदीप बंद्धोपाध्याय)

(क) और (ख) राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग (एनसीपी) द्वारा ऐसी कोई सिफारिश नहीं की गई है।

(ग) यूएन के अनुमानों के अनुसार सात अरबवीं बच्ची के जन्म के साथ ही 31 अक्टूबर, 2011 को विश्व की जनसंख्या सात अरब हो गई। हालांकि यह ज्ञात नहीं है कि 7 अरबवीं बच्ची भारत में पैदा हुई थी या नहीं।

....